कार्यालय, नगर पंचायत ब्रह्मपुर (बक्सर)

E-Mail- npbrahampur@gmail.com

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081 दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होंगे–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी की आवाज साफ हो, ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर पंचायत स्तर पर कुल संख्या– 05 स्वच्छता साथी।
8. **स्वच्छता साथी के चयन का उद्देश्य–**

   i) शहर को कचरा मुक्त बनाने, नागरिकों की भूमिका के लिए नागरिकों को जागरूक करना एवं उन्हें उत्तरदायी बनाना।

   ii) नगरिकों के बीच triggering करना और कचरे के लिए असहिष्णुता की भावना को बढ़ाना।

3 **स्वच्छता साथी के कार्य की जिम्मेदारी**

i) अपने संबंधित वार्ड के सभी घरों का भ्रमण करना एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी जुटाना।

ii) घर के मुखिया को Waste Segregation एवं Home Composting करने हेतु प्रेरित करना।

iii) वार्ड में छोटे स्तर पर छोटे–छोटे समूह की बैठक

iv) SHG के समूह की होने वाली Monthly बैठक में सम्मिलित होना

v) वार्ड में समाज के प्रबुद्ध एवं प्रमुख व्यक्तियों को Citizen Leader के तौर पर तैयार करना।

4 **स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ–**

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्युनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारिख तक देय होगा।
5. मानदेय कर्मी के Bank Account में ही भेजा जाएगा।
6. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानेदय 300*20=6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।

7. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधि अक्टूबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
9. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होंगे।
10. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
11. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
12. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
13. अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक– 08.02.2025 तक अपने दस्तावेज कि स्व अभिप्रमाणित प्रति के साथ नगर पंचायत ब्रह्मपुर स्थित प्राप्ति काउन्टर पर पूर्वाहन 10:30 से अपराह्न 05 बजे तक जमा करेंगे।
14. सभी अभ्यर्थी मांगे जाने पर अपना मूल दस्तावेज यथा संबंधित प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, व अन्य दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे।
15. अभ्यर्थी आवेदन पत्र नगर पंचायत ब्रह्मपुर स्थित प्राप्ति काउन्टर से प्राप्त कर सकते हैं।
16. साक्षातकार दिनांक– 11.02.2025 को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में 02 बजे अपराह्न को आयोजित कि जाएगी।
17. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवाा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः–

1. यह किसी भी प्रकार से Parmanent Position नहीं हैं। अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय के कर्मी नहीं माने जायेगे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
2. विशेष जानकारी नगर पंचायत, ब्रह्मपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती हैं।
3. आवेदन पत्र दिए गए प्रपत्र में नगर पंचायत, कार्यालय में दिनांक– 08.02.2025 तक जमा करना होगा।

ह० 20/01/2025

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत ब्रह्मपुर।